हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 22 दिसंबर 2025

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 विश्व ध्यान दिवस पर विशाल रैली निकाली...



07 सर्दी से बचाव करने के लिए स्वेटर का किया वितरण



## खबर संक्षेप

### पेंशनर्स की समस्याओं को लेकर हुई बैठक

**विदिशा।** विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक में पेंशनर्स से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों पर चर्चा की गई। सदस्यों ने बताया कि लंबे समय से लंबित पेंशन विसंगतियों, महंगाई राहत के बकाया भुगतान तथा चिकित्सा सुविधाओं से संबंधित कठिनाइयों के कारण पेंशनर्स को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि इन समस्याओं के निराकरण हेतु शीघ्र ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सभी पेंशनर्स से एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया, ताकि उनकी जायज मांगों को प्रभावी ढंग से शासन तक पहुंचाया जा सके। यह जानकारी एसोसिएशन के सचिव लक्ष्मीकांत कालुस्कर ने दी।

### दो प्रकरण में 3-3 हजार का नगद इनाम घोषित

**विदिशा।** एसपी रोहित काशवानी ने थाना गंजबासौदा एवं थाना सिरोंज में दर्ज एक-एक प्रकरण के फरार आरोपियों की सूचना देने पर तीन-तीन हजार का इनाम घोषित किया है। थाना गंजबासौदा में दर्ज अपराध में फरार आरोपी गणेशराम पुत्र स्वर्गीय अमान सिंह मोची निवासी बेदनखेड़ी टपरिया थाना गंजबासौदा शहर एवं थाना सिरोंज में दर्ज अपराध प्रकरण के फरार आरोपी आकाश पुत्र राजू राय निवासी मल्हारगढ़ मुंगावली जिला अशोकनगर की सूचना देने, गिरफ्तारी में मदद करने वाले को इनाम दिया जाएगा।

### बरईपुरा स्कूल में मॉडल प्रदर्शनी लगाई

**विदिशा।** शासकीय सांदीपनि विद्यालय बरईपुरा में विकासखंड स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में लगभग 25 विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए गए। प्रदर्शित मॉडलों में नवीन विज्ञान तकनीक, कृषि नवाचार, ऊर्जा संरक्षण, अंतरिक्ष विज्ञान एवं दैनिक जीवन में विज्ञान के उपयोग जैसे विषय शामिल रहे। चयनित मॉडल 23 दिसंबर को जिला स्तरीय प्रदर्शनी में सहभागिता करेंगे। निर्णायक मंडल में डॉ. डॉली पंथी, हरीश चौधरी एवं कु. अचला जैन शामिल रहीं।

## मनरेगा से नाम हटाने के फैसले का विरोध कर कांग्रेसियों ने कहा-

# गांधीजी से चिढ़ती है भाजपा, योजना और संस्था का नाम बदलने में माहिर

- प्रदर्शन में कांग्रेस के संगठनों के पदाधिकारी हुए शामिल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

मप्र कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाने एवं योजना के मूल स्वरूप को कमजोर करने के विरोध में नीमताल चौराह स्थित गांधी प्रतिमा पर धरना प्रदर्शन किया गया।

धरना प्रदर्शन की शुरुआत जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद सभी ब्लॉक अध्यक्षों ने अपने विचार रखते हुए भाजपा सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताते हुए तीखी आलोचना की।



**विदिशा।** गांधी जी का नाम हटाने के विरोध में प्रदर्शन करते हुए कांग्रेसी।

धरना को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाना कोई साधारण प्रशासनिक निर्णय नहीं है, बल्कि यह संविधान, लोकतंत्र और देश के गरीब, किसान एवं मजदूरों के अधिकारों पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गांधी जी के नाम और विचारों से भयभीत है, क्योंकि गांधी का नाम ही शोषित, वंचित और श्रमिक वर्ग को आत्मसम्मान और ताकत देता है। श्री रघुवंशी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार सत्ता के अहंकार में इतिहास को मिटाने और जनकल्याणकारी योजनाओं को कमजोर करने पर आमादा है। भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार चाहती है कि ग्रामीण मजदूर बेरोजगार रहें और गरीब अपने अधिकारों से वंचित हो जाएं,

### चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी गई

जिलाध्यक्ष ने चेतावनी दी कि यदि केंद्र सरकार ने यह फैसला तत्काल वापस नहीं लिया तो कांग्रेस पार्टी विदिशा से लेकर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर तक चरणबद्ध आंदोलन करेगी। धरना प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने मनरेगा बचाओ, गांधी का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, भाजपा जवाब दो जैसे नारों के साथ सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया।

लेकिन कांग्रेस पार्टी इस जनविरोधी सोच को किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देगी। धरने में कांग्रेस नेता सुभाष बोहत, महेंद्र वर्मा, आनंद प्रताप सिंह, रवि साहू, विनीत दांगी, प्रियंका किरार, विद्या यादव, सुरेश यादव, उमेश तिवारी, गोविंद राजपूत सहित कांग्रेस के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## 7 मांगों को लेकर राज्य शिक्षक संघ ने प्रदर्शन कर किया सवाल

# क्रमोन्नति का लाभ दे रहे तो ग्रेजुएटी की गणना 1 जुलाई 2018 से क्यों की जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

राज्य शिक्षक संघ ने शिक्षकों की 7 सूत्रीय मांगों को लेकर रविवार को धरना दिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम तहसीलदार को ज्ञापन देकर संघ ने शिक्षक संवर्ग से जुड़ी 7 प्रमुख मांगें रखी हैं। राज्य शिक्षक संघ के जिला कार्यकारी अध्यक्ष प्रेमनारायण परिहार ने बताया कि वरिष्ठता की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक के बजाय 1 जुलाई 2018 से की जा रही है। जिससे ग्रेच्युटी सहित अन्य सेवानिवृत्ति लाभ प्रभावित हो रहे हैं। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो आगामी समय में आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे।

प्रांतीय महासचिव राजेश एलिया ने कहा कि प्रथम नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता नहीं गिने जाने की समस्या का तत्काल समाधान किया जाए। पुराने शिक्षकों को 12 साल और 24 साल वाली क्रमोन्नति तो दी गई, लेकिन ग्रेजुएटी की गणना 1 जुलाई 2018 से करना शिक्षकों के साथ सरासर अन्याय है। इससे शिक्षकों को लाखों का नुकसान हो रहा है।



**विदिशा।** विभिन्न मांगों को लेकर शिक्षकों ने दिया एक दिवसीय धरना।

### पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने की भी मांग शिक्षकों ने ई अटेंडेंस प्रणाली पर भी उठाए सवाल

ज्ञापन में ई-अटेंडेंस प्रणाली को अव्यावहारिक बताते हुए इसे तत्काल बंद करने की मांग की गई। इसके साथ ही पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने और अतिथि शिक्षकों की सेवाओं को वर्षभर जारी रखने की भी मांग शामिल है। अतिथि शिक्षकों के लिए माह में एक अवकाश देने और बीमारी या अन्य कारणों से अनुपस्थित रहने पर उनके मानदेय में कटौती न करने का भी आग्रह किया गया है। महिला शिक्षकों के लिए संतान पालन अवकाश के दौरान वर्तमान में दिए जा रहे दूसरे वर्ष में आंशिक वेतन को पूर्ण करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। वहीं स्कूल शिक्षा विभाग में सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने तथा जनशिक्षक और बीआरसी की प्रतिनियुक्ति आयु सीमा बढ़ाने की मांग की गई है। ई-अटेंडेंस प्रणाली में कई व्यावहारिक दिक्कतें बताईं। राजेश दीक्षित ने कहा कि अतिथि शिक्षकों की सेवाएं अस्थायी नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ बन चुकी हैं। उन्हें वर्षभर सेवा और माह में एक अवकाश दिया जाए।

# प्रजापति समाज के 80 मेधावी छात्र- छात्राएं और 150 बुजुर्ग समाजसेवी हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

रविवार को जतरापुरा स्थित महालक्ष्मी मैरिज गार्डन में प्रजापति समाज का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समाज के 80 मेधावी छात्र-छात्राओं एवं 150 बुजुर्गजनों का सम्मान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक मुकेश टंडन एवं नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा जबकि विशेष अतिथि एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे मौजूद रहे।

विधायक मुकेश टंडन ने मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया। उन्होंने प्रजापति समाज की धर्मशाला निर्माण के लिए 5 लाख की राशि देने की घोषणा की। साथ ही महामाई माता मंदिर मोहनगिरी




मंदिर परिसर में टीन शेड लगवाने की बात कही। नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने मंदिर की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने का आश्वासन दिया।

एडिशनल एपी प्रशांत चौबे ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार प्रजापति ने किया। अतिथियों का स्वागत प्रजापति समाज के अध्यक्ष डॉ. यूएस चक्रवर्ती एवं नगराध्यक्ष कस्तूरचंद प्रजापति ने किया। कार्यक्रम के संयोजक नथन प्रजापति रहे तथा आभार प्रदर्शन महामाई माता मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय प्रजापति ने माना।

# बीजामंडल मंदिर मुक्ति को लेकर युवाओं का पोस्टकार्ड अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

बीजामंडल मंदिर की मुक्ति एवं हिंदुओं को पूजा-अर्चना का अधिकार दिलाने की मांग को लेकर रविवार को युवाओं ने नगर में पोस्टकार्ड जन-जागरूकता अभियान शुरू किया। अभियान के तहत नगरवासियों से पोस्टकार्ड लिखवाकर शासन और पुरातत्व विभाग तक अपनी मांग पहुंचाई गई। सैकड़ों नागरिकों ने स्वेच्छा से पोस्टकार्ड लिखकर समर्थन दर्ज कराया। युवाओं का कहना है कि बीजामंडल ऐतिहासिक रूप से प्राचीन मंदिर रहा है, किंतु वर्तमान पहचान ऐतिहासिक तथ्यों और जनभावनाओं के विपरीत है। पोस्टकार्डों में मस्जिद शब्द हटाने और विधिवत पूजा का अधिकार देने की मांग की गई। अभियान के दौरान नगर के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को बीजामंडल के इतिहास से अवगत कराया गया। अभियान से जुड़े शुभम वर्मा, मनोज कौशल, अरुण शर्मा, अतुल, भूपेंद्र, सिद्धार्थ व विशाल सहित अन्य युवाओं ने बताया कि आंदोलन शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक है।

# सीएम मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार निरंतर विकास कर रही: विधायक मीणा



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष तथा मप्र सरकार के 2 साल बेमिसाल अभियान के तहत शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक महानीम चौराह पर हुई। बैठक में विधायक सूर्यप्रकाश मीणा एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के पांचों मंडलों के मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। विधायक मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार निरंतर विकास कार्य कर रही है और अटल जी के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के संकल्प को आगे बढ़ा रही है।

# थाना परिसर में ध्यान किया



ध्यान करते हुए अधिकारीगण।

**कुरवाई।** मप्र पुलिस एवं हार्टफुलनेस संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में कुरवाई थाना परिसर में ध्यान किया गया। लाइव प्रसारण को एकाग्रता से सुना तथा सामूहिक ध्यान अभ्यास में सहभागिता की। कार्यक्रम में विधायक हरिसिंह सप्रे, एसडीएम मनीष जैन, एसडीओपी रोशनी सिंह, जनपद सीईओ आयुष अग्रवाल, थाना प्रभारी पंकज गीते सहित पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विधायक हरिसिंह सप्रे ने कहा कि नियमित ध्यान से मानसिक संतुलन, कार्यक्षमता और आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। उन्होंने बताया कि वे प्रतिदिन 10 से 15 मिनट ध्यान व व्यायाम करते हैं। पुलिस विभाग एवं हार्टफुलनेस संस्थान का यह प्रयास समाज को मानसिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में सराहनीय बताया गया। कार्यक्रम का समापन सकारात्मक ऊर्जा और अनुशासन के संदेश के साथ हुआ।

# ग्यारसपुर की नागझिर झील आस्था, इतिहास और रहस्य का संगम, संरक्षण की आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ग्यारसपुर

अपनी ऐतिहासिक धरोहरों और प्राचीन विरासत के लिए प्रसिद्ध ग्यारसपुर की पहचान केवल मंदिरों और स्थापत्य तक सीमित नहीं है, बल्कि नगर के समीप स्थित नागझिर झील भी आस्था, इतिहास और रहस्य का अनूठा संगम है।

यह प्राचीन जलाशय वर्षों से स्थानीय लोगों की धार्मिक मान्यताओं और लोककथाओं का केंद्र रहा है। स्थानीय जनश्रुतियों के अनुसार झील का नाम 'नाग' और 'झीर' शब्दों से



इतिहास को अपने अंदर समेटे हुए है नागझिर झील

मिलकर बना है। मान्यता है कि इस झील में नाग देवता का वास है। बुजुर्गों के अनुसार पुराने समय में यहां सर्पों का दिखना आम बात थी, जिससे झील को नागझीर कहा जाने लगा। आज भी कई श्रद्धालु इस झील को आस्था से जोड़कर देखते हैं। इतिहासकारों का मानना है कि 9वीं-10वीं शताब्दी के दौरान, जब ग्यारसपुर अपने वैभवशाली दौर में था, तब नागझीर झील नगर की जल आपूर्ति और पर्यावरण संतुलन का प्रमुख स्त्रोत रही होगी। इसके आसपास धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन की भी संभावना जताई जाती है।

वर्तमान में यह ऐतिहासिक झील संरक्षण और सौंदर्यीकरण की प्रतीक्षा कर रही है। यदि इसका समुचित विकास किया जाए, तो नागझीर झील ग्यारसपुर के पर्यटन को नई पहचान दिला सकती है और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक अमूल्य धरोहर के रूप में सुरक्षित रह सकती है।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 1042. राजू साहू पिता\पति चंद्रकांत साहू पता- डूमर तालाब रायपुर 1043. यामिनी देवांगन पिता\पति श्री जितेन्द्र देवांगन पता - न्यू चंगोरा भाटा रायपुर 1044. संस्कृति सोनकर पिता\पति संदीप सोनकर पता- सत्ती मंदिर सोनकर पारा पुरानी बस्ती रायपुर 1045. एश्वर्या देवांगन पिता\पति मनोज देवांगन पता - भीम नगर 1046. केशव देवांगन पिता\पति श्री प्रशांत देवांगन पता - रायपुर टिकरापारा 1047. श्रीमति सुषमा साहू पिता\पति स्व. श्री वी. आर. साहू पता-पोटिया कला न्यूज़ मिनाक्षी नगर दुर्ग, 1048. निशा प्रसाद पिता\पति राजपत प्रसाद पता-दुर्ग, 1049. कली राम यादव पिता\पति श्री प्रसादी राम यादव पता-बैगा पारा दुर्ग, 1050. योगेश सिंह राजपूत पिता\पति लतेल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, 1051.लक्ष्य पटेल पिता\पति श्री दुर्गेश पटेल पता-पटेल पारा उरला दुर्ग, 1052. रेवा राम यादव पिता\पति कन्हर यादव पता-कसारीडीह दुर्ग, 1053. देवेन्द्र कुमार साहू पिता\पति भिखम साहू पता-गातापार बेल्हारी दुर्ग, 1054. रामदास मानिकपुरी पिता\पति स्व. बिसम्भर दास पता-टेमरी सुरमा दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 1055. प्रांजल वर्मा पिता/पति - संतोष कुमार वर्मा पता - सरगुजा 1056. सुनील मुंडा पिता/पति - राम रतन मुंडा पता- सरना पारा 1057. अनिल कुमार अग्रवाल पिता/पति- निरंजन अग्रवाल पता- जोड़ा पीपल अम्बिकापुर 1058. मेधा गोयल पिता/पति - आयुष गोयल पता - भैयाथान सूरजपुर 1059. ज्ञानेश्वरी एक्का पिता/पति- छबि लाल एक्का पता- बलरामपुर 1060. सना आफ़रीन पिता/पति- अमीन अख्तर पता- जरहागढ़ महामाया रोड 1061. मालवाती सिंह पिता/पति- जगत सिंह पता -नमनकला सटीक पार1062. पंकज राज भगत पिता/पति- इदर साय भगत पता - नायपार फूँदडीह अम्बिकापुर 1063. अलफिया फातिमा सिद्दीकी पिता/पति- मकसूद अहमद पता - बरेजपारा सदर रोड लक्ष्मी चौक 1064. बेनेदीक तिर्की पिता/पति - एलबस तिर्की पता - तुलसी चौक गंगापुर अम्बिकापुर 1065. श्रीमती सीमा केडिया पिता/पति- अजय कुमार केडिया पता - देवीगंज रोड अम्बिकापुर 1066.दीपमाला कुशवाहा पिता/पति - रोशन लाल कुशवाहा पता - केदारपुर अम्बिकापुर 1067. ऋचा दुबे पिता/पति - केनाबन्ध बौरिपारा अम्बिकापुर 1068. सिकंदर दास पिता/पति -मणिपुर चौक अम्बिकापुर 1069. स्नेह लता मेहता पिता/पति - कन्या परिसर रोड कमल भवन अम्बिकापुर 1070. नमन मिश्रा पिता/पति- राजेन्द्र कुमार मिश्रा पता - शीतल किरना स्टोर के पास गंगापुर 1071. रीता केरकेटा पिता/पति- राजेश बरवा पता - गंगापुर स्कूल पारा अम्बिकापुर 1072. वासु गुप्ता पिता/पति - महेंद्र प्रसाद गुप्ता पता - ब्रहम रोड सती पारा अम्बिकापुर 1073. आदिती पिता/पति- रिंकू पता - केंटीन दफई हरदी बाड़ी 1074. ममता मिश्रा पिता/पति - कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1075. हारून रसीद पिता/पति - मुस्ताक अहमद पता- वार्ड- 36, महामाया रोड 1076. प्रवीण कुमार मिश्रा पिता/पति -कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1077. शिवंशी सिन्हा पिता/ पति - शिव प्रकाश सिन्हा पता - शीतल वार्ड - 32, अम्बिकापुर 1078. आदित्य एक्का पिता/पति - मंगल एक्का पता - सूरजपुर बस स्टैन्ड 1079. पूनम फातिमा पिता / पति - शिवनाथ पता - अम्बिकापुर 1080. राजकुमार वैष्णव पिता/पति- भगत वैष्णव पता - गंगापुर अम्बिकापुर 1081. अशोक कुमार भगत पिता/पति - भुनेश्वर राम भगत पता - नमनकला राज मोहनी देवी वार्ड ,**भोपाल संस्करण** 1082. अब्दुल लतीफ खान पिता\पति - अनीस उर रहमान कसेरापुरा शाहजानाबाद भोपाल,1083.दिशा जैतवाल पिता\पति–दीपक जैतवाल बैरागढ़कला, 1084. दीपक चौकसे पिता\पति - जमना प्रसाद11लाम्बाखेड़ा, 1085. प्रेम शंकर कोरी पिता\पति - दुर्गा प्रसाद कोरीबाग मुगलिया श्रीराम नगर, 1086. तालिका पटेल पिता\पति - कमलेश पटेल मकान न. 36 नई बस्ती बाग मुगलिया, 1087. सिदरा खान पिता\पति - इजराइल खान193 नयापुरा पंचशील नगर, 1088. आकृति सेन पिता\पति - सुरेन्द्र सेन चार इमली भोपाल, 1089. आदित्य शर्मा पिता\पति - सोमेश शर्मा कृषक नगर, 1090. नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगर करोद भोपाल, **जबलपुर संस्करण-** 1091. संजय नामदेव पिता\पति - स्वर्गीय राम मिलन नामदेव निगवानी रोड कोतमा वार्ड नंबर 4, 1092. स्मृति द्विवेदी पिता\पति - श्री आलोक नारायण द्विवेदी अनूपपुर वार्ड नंबर 13, 1093. मीमांशा सनादय पिता\पति - प्रणय कुमार शर्मा वार्ड नंबर 9 जैतहरी मार्ग अनूपपुर, 1094. गौरी सोनी पिता\पति - श्री बाला प्रसाद सोनी कोतमा, 1095. आयुष साहू पिता\पति - श्री अजय साहू जबलपुर, 1096. सोनू साहू पिता\पति - समदड़िया ग्रीन सिटी विजयनगर, 1097. अमर चौधरी पिता\पति - आसाराम चौधरी मकान नंबर 93 प्रेम सागर पुलिस चौकी के पास,1098. मकसूद अहमद बरेसपारा अम्बिकापुर 1099. अर्चना चौबे शंकर घाट अम्बिकापुर 1100. अजय कुमार पासवान बनारस रोड गांधीनगर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### मिट्टी के ढेर से टकराकर कार पलटी



**गंजबासौदा।** ग्राम बागरोद चौराहा के पास हाईवे पर एमकेसीसी कंपनी द्वारा रोड निर्माण किया जा रहा है जिसमें बिना सूचक लगाए हुए जगह-जगह मिट्टी खोदकर गड्ढे किए गए हैं। जिससे दो दिन में दो हादसे हो चुके हैं। बीती रात इसी कंपनी द्वारा खोदे गए गड्ढे की मिट्टी से टकराकर एक कार पलट गई जिससे कार सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों में गंजबासौदा निवासी राज श्रीवास्तव, सचिन दुबे एवं राजकुमार शर्मा को पुलिस वाहन से त्योंदा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उन्हे प्राथमिक उपचार के बाद उच्च उपचार के लिए उन्हें रेफर किया गया।

### विधायक को मातृशोक

**गंजबासौदा।** क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी एवं जसवंत सिंह रघुवंशी की माता कमला देवी का रविवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार रविवार की दोपहर में ग्राम हरिपुर में किया गया। जिसमें बडी संख्या में जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, नागरिकों, संस्था सदस्यों, धर्म गुरूओं आदि ने शामिल होकर उन्हें अंतिम विदाई दी।


### एक समय होगा नगर में जलप्रदाय



**गंजबासौदा।** नगर में जलप्रदाय के लिए बेतवा नदी के नौलखी घाट पर बने वाटर वर्क्स एवं नगर में बनी पानी की टंकियों की सफाई का काम शुरू किया जा रहा है। जिसके कारण आगामी 31 दिसंबर तक नगर में सुबह के समय एक बार ही जलप्रदाय किया जाएगा। नपा प्रशासन द्वारा इस संबंध में सूचना जारी करते हुए बताया गया कि सोमवार 22 दिसंबर से लेकर आगामी 31 दिसंबर तक वाटर वर्क्स एवं नगर की पानी की टंकियों की सफाई की जाएगी। इस कार्य को शीघ्र और निर्बाध पूर्ण करने के लिए नगर में एक ही समय जलप्रदाय किया जाएगा। इसलिए उपभोक्ता जल का संग्रह एवं उपभोग का विशेष ध्यान रखें। यहां उल्लेखनीय है कि वर्तमान नगर पालिका परिषद द्वारा नागरिकों को स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए समय समय पर पानी की टंकियों एवं वाटर वर्क्स की सफाई कराती रहती है। जिससे वाटर वर्क्स एवं टंकियों में जमा सिल्ट एवं गंदगी हटाई जा सके और पूरे समय नागरिकों को स्वच्छ जलप्रदाय किया जा सके। इससे नागरिकों का स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने भी नागरिकों से सहयोग की अपील की है।

नशा व तनाव मुक्त और अपराध मुक्त समाज बनाने के लिए किया जागरूक

# विश्व ध्यान दिवस पर विशाल रैली निकाली,थाना परिसर में किया ध्यान



गंजबासौदा। सिटी कोतवाली थाना परिसर में सामूहिक ध्यान करते साधक।




गंजबासौदा। विश्व ध्यान दिवस पर नगर में निकली विशाल जागरूकता रैली।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को विश्व ध्यान दिवस पर गंजबासौदा के देहात थाने से एक विशाल रैली का आयोजन किया गया। हार्ट फुलनेस ध्यान केंद्र के प्रशिक्षक व एसडीओपी शिखा भलावी एवं स्वदेश शर्मा के कुशल नेतृत्व में रैली आयोजित की गई। इस रैली के समापन के बाद थाना परिसर में सामूहिक ध्यान का आयोजन किया गया।

विशाल रैली देहात थाने से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई, सिरोंज चौराहा, गांधी चौक, सदर बाजार, सावरकर चौक, हनुमान चौक, जयस्तंभ चौक, अंबेडकर चौक, नेहरू चौक होती हुई वापस शहर थाना पहुंची। जहां उसका समापन किया गया। रैली में नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव सहित महिला मंडल की महिलाएं, नगर के गणमान्य नागरिक, स्कूली बच्चे, शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी शिक्षक पत्रकार बंधुओं ने भी सहभागिता की। रैली में मुख्य रूप से एसडीओ शिखा भलावी, शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया और देहात थाना प्रभारी मनोज दुबे ने भी शामिल होकर सहभागिता प्रदान की और नागरिकों को शांति, करुणा और एकता के लिए, एक साथ जुड़ कर रात्रि 8 बजे दाजी के साथ ध्यान में जुड़ने का आव्हान किया।

## शहर थाना परिसर में कराया गया सामूहिक ध्यान

**गंजबासौदा।** रविवार को विश्व ध्यान दिवस पर नगर में निकली विशाल जागरूकता रैली के समापन के बाद शहर थाना परिसर में सामूहिक ध्यान कराया गया। हार्ट फुलनेस ध्यान कार्यक्रम के लिए कोतवाली थाना परिसर में विशेष तैयारी की गई थी। पुलिस प्रशासन द्वारा निरंतर प्रचार अभियान चलाकर नागरिकों को कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया था। साथ ही परिसर में ध्यान लगाने वालों के लिए विशेष बैठक व्यवस्था भी की गई थी। कोतवाली थाना प्रांगण में सुबह से ही लोग ध्यान की मुद्रा में नज़र आए और सामने एलईडी पर लाइव प्रसारण के माध्यम से ध्यान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में दोनों थानों के थाना प्रभारी, पुलिसकर्मी एवं अधिकारी शामिल हुए। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव भी कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एसडीओ शिखा भलावी, शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया और देहात थाना प्रभारी मनोज दुबे ने काफी प्रयास किए गए। उक्त कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों, पत्रकारों सहित स्कूल के बच्चों ने भी शामिल होकर ध्यान किया।

## कल्पेश चौरसिया पुनः बने श्री रामदेव सेवा दल के अध्यक्ष




गंजबासौदा। पल्केश चौरसिया को सेवादल अध्यक्ष बनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भगवान श्री रामदेव जी मंदिर के संस्थापक पंडित हरिनारायण पाठक की उपस्थिति में रामदेव सेवा दल के अध्यक्ष सहित सभी विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गईं। श्रीधाम बासौदा दरबार भगवान श्री रामदेव जी मंदिर में रविवार को नवीन कार्यकारिणी का गठन मंदिर के संस्थापक पंडित पाठक की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान भगवान रामदेव सेवा दल के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे। सर्व सहमति से कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें भगवान श्री रामदेव सेवादल के वर्तमान अध्यक्ष पल्केश चौरसिया को पुनः अध्यक्ष बनाया गया। जबकि संरक्षक अरविंद चौरसिया, राहुल यादव, गोलू रघुवंशी, संदीप यादव को बनाया गया। वहीं कोषाध्यक्ष राजा अरोरा, सचिव गजेंद्र दांगी, महामंत्री सुनील साहू, आशीष रघुवंशी, उपाध्यक्ष सुनील चौरसिया, कान्हा भारद्वाज, संगठन मंत्री शैलेंद्र तिवारी, मीडिया प्रभारी चन्द्रमोहन सैनी, सोशल मीडिया प्रभारी सन्नी राठौर, प्रचार मंत्री मनीष तिवारी को बनाया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों को उपस्थित जनों एवं श्रद्धालुओं ने बधाई दी है।

## साइबर ठगों पर नकेल कसने वाले आरक्षक आशीष मिश्रा मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित




गंजबासौदा। मुख्यमंत्री से सम्मान ग्रहण करते आशीष मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रदेश में बढ़ते साइबर अपराधों पर लगाम लगाने और नागरिकों की गाढ़ी कमाई को सुरक्षित वापस दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले साइबर सेल के आरक्षक आशीष मिश्रा को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया है। आशीष मिश्रा ने विशेष रूप से 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे नए और खतरनाक तरीकों से ठगी करने वाले गिरोहों का पर्दाफाश करने में उत्कृष्ट कार्य किया है। गौरतलब है कि साइबर जालसाज अक्सर नागरिकों को डरा-धमकाकर डिजिटल अरेस्ट के माध्यम से लूट की वारदातों को अंजाम देते आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने आशीष मिश्रा के साहस और तकनीकी कौशल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कर्मठ पुलिसकर्मी समाज के लिए प्रेरणा हैं और डिजिटल इंडिया के इस दौर में नागरिकों की सुरक्षा के लिए उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहां उल्लेखनीय है कि आशीष मिश्रा नगर के होनहार युवा हैं और नगर में पुलिस विभाग में पदस्थ मदनलाल मिश्रा के पुत्र हैं। आशीष को यह सम्मान मिलने पर उनके सहकर्मियों, परिजनों, शुभचिंतकों एवं मित्रों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## हिंदी प्रोत्साहन योजना के तहत 'हिंदी प्रश्नोत्तरी' विजेताओं को बांटे पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्थानीय कॉलेज प्रबंधन द्वारा हिंदी प्रोत्साहन योजना के तहत अंतर स्कूल 'हिंदी ज्ञान प्रश्नोत्तरी' प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसके अन्तर्गत आयोजित परीक्षा के विजेता एवं सहभागिता करने वाले छात्रों को कालेज की ओर से पुरस्कृत किया गया। शनिवार को स्थानीय सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। परिणामस्वरूप घोषित प्रथम, द्वितीय विजेताओं को उपहार एवं सभी बच्चों को संस्था की ओर से प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य उमेश चंद्र यादव एवं कॉलेज के प्रबंधक प्रदीप श्रीवास्तव उपस्थिति रहे।

कार्यक्रम में कक्षा 11 एवं 12 के प्रथम ,द्वितीय स्थान प्राप्त बच्चों को बैग और बोतल के साथ सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। वहीं सभी शामिल होने वाले प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान कर हिंदी के क्षेत्र में कार्य करने और हिंदी को बढ़ावा देने का आह्वान किया गया। कॉलेज के प्रबंधक प्रदीप श्रीवास्तव द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा गया कि कॉलेज इस प्रकार के आयोजन कर बच्चों में अपनी संस्कृति अपनी भाषा और संस्कारों का विकास करना चाहता है। कॉलेज में पहुंचने वाले बच्चों को भारतीय संस्कृति और राष्ट्रवाद से जोड़ना कॉलेज का महत्वपूर्ण उद्देश्य है।

स्कूल के प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने कॉलेज के स्टाफ का स्वागत करते हुए कहा कि हम भी भारतीय संस्कृति शिक्षा और संस्कारों का विशेष ध्यान रखते हैं। बच्चों का संपूर्ण विकास हो इसके लिए सतत प्रयासरत रहते हैं। इस दौरान कक्षा 12 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रिंस जैन एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले सानिध्य कद्रे को प्रमाण पत्र के साथ उपहार स्वरूप बैग और पानी की बोटल भेंट की गई। इसी तरह कक्षा 11 में अदिति लोधी और अंशुल अहिरवार को भी बेग और बोतल प्रदान की गई। खास बात संस्था के जितने भी प्रतिभागियों ने 'हिंदी प्रश्नोत्तरी' भाग लिया था, सभी छात्रों के लिए सहभागिता प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस दौरान कॉलेज से पूजा कुलश्रेष्ठ, मोहित तिवारी, सौरभ राय, सैण्ट एसआरएस स्कूल परिवार से कृष्ण पाल सिंह चौहान, डॉक्टर विजय कुमार जैन, डॉक्टर अमर सिंह ठाकुर, सोनू राय, प्रियंका अग्रवाल, रजनी गुप्ता सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

## उमा यश अकादमी में वार्षिक खेल उत्सव के फाइनल मैच संपन्न हुए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

त्योंदा रोड स्वरूप नगर स्थित अंग्रेजी माध्यम विद्यालय उमा यश अकादमी में विगत दिनों से विभिन्न प्रकार की खेलों का आयोजन किया जा रहा था। जिसमें खो खो ,बैडमिंटन, टेनिस बॉल क्रिकेट, फुटबॉल ,कबड्डी ,वॉलीबॉल ,इंडोर गेम्स कैरम, चैस, चम्मच रेस सहित कई प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। गत दिवस सभी मैचों के फाइनल का आयोजन किया गया।

जिसमें खो-खो गर्ल्स में झांसी की रानी हाउस की टीम विजेता एवं इंद्रा हाउस की टीम उप विजेता रही। इसी प्रकार बैडमिंटन डबल्स में रोली रघुवंशी एवम सरिता राजपूत विजेता रहीं। टेनिस बॉल क्रिकेट में महाराणा प्रताप हाउस की टीम फाइनल विजेता रही। कबड्डी में भी महाराणा प्रताप हाउस की टीम विजेता रही एवं शिवाजी हाउस की टीम उप विजेता रही। लेग फुटबाल में गर्ल्स की इंद्रा हाउस एवम बॉयज की महाराणा प्रताप हाउस की टीम विजेता रही एवं इसी तरह की कीप रेस में बॉयज की महाराणा प्रताप हाउस टीम एवं गर्ल्स की रानी दुर्गावती हाउस की टीम विजेता रही। प्री प्राइमरी में भी कई सारे इंडोर(चैस, कैरम) एवं आउट डोर्स (जिक जैक रेस, रिले रेस, थ्री लेग रेस,चेयर रेस, जलेबी जंप) आदि गेम्स का आयोजन किया गया। प्राइमरी कक्षाओं से भव्या अहिरवार,रौनक अहिरवार,सत्यम मालवीय,अंशुल यादव, वैशाली रघुवंशी, कान्हा अहिरवार, मयंक मीना, राजित सेन विजेता रहे।

मिडिल सेक्शन से महेंद्र अहिरवार,अंश रघुवंशी, देव रैकवार, सिद्धि रघुवंशी, माही कटिहार, पूर्वी अहिरवार आदि ने शानदार प्रदर्शन किया। प्री प्राइमरी से आर्यन प्रजापति,दिव्यांश यादव, प्रशांत अहिरवार,ऋषि यादव , खुशी अहिरवार, भावेश मीना, शिवांश नामदेव, आयुषी, फरहान, काव्य कुशवाह, प्रशांत, सौरभ, प्रतिज्ञा, उमा, कार्तिक ,विनायक, हार्दिक, सुशांत मीना, दिव्यांश यादव, श्रष्टि रघुवंशी, प्रीति पंथी, मिलन प्रजापति, वेद यादव, कृष्ण एवम शिवकांत ने सराहनीय प्रदर्शन किया। सभी बच्चों ने लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के खेल प्रशिक्षक मनीष अहिरवार एवं उनकी सहयोगी टीम के मार्गदर्शन में खेलों का प्रशिक्षण लिया एवं खेल महोत्सव संपूर्ण हुआ। विद्यालय के समस्त स्टाफ भूमि दांगी, शिल्पी यादव, अवंतिका रघुवंशी, प्रेरणा महावर एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों को विधिवत खेल प्रशिक्षण में सहयोग किया एवं बड़े ही उत्साह के साथ एवं जोश के साथ सभी बच्चों ने खेलों में भागीदारी की और खेल महोत्सव का आनंद लिया। विद्यालय की प्राचार्य पूजा दांगी की देखरेख में खेल महोत्सव संपन्न हुआ। संपूर्ण खेल महोत्सव में विद्यालय के सहयोगी शिक्षक बृजेश राय एवं शैलेंद्र रघुवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विद्यालय की प्राचार्य पूजा दांगी ने बताया की शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विद्यालय के संचालक बृजेश रघुवंशी ने मनीष अहिरवार एवम उनकी टीम का तथा विद्यालय की प्राचार्या एवं स्टाफ को सफल खेल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं एवं समस्त बच्चों का उत्साह वर्धन कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## हिंदु सम्मेलन के लिए हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

इमला धाम के महंत हनुमान दास जी की उपस्थिति में ग्राम बसरिया मंडल के ग्राम बरखेड़ा में आगामी 10 जनवरी को होने वाले हिन्दू सम्मेलन के लिए रविवार को भूमिपूजन किया गया। जिसमें बडी संख्या में ग्रामीण जन एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

साप्ताहिक श्रमदान 5.0 का ग्यारहवां चरण संपन्न

# भीषण ठंड भी नहीं रोक सकी श्रमदानियों का संकल्प



गंजबासौदा। श्रमदान दल के सदस्य रिपटा घाट पर कचरा एकत्रित करते हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

दिसंबर की कड़ाके की ठंड के बावजूद नदी स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्ध श्रमदान दल का उत्साह और संकल्प कमजोर नहीं पड़ा। रविवार को दल के आव्हान पर बेतवा नदी स्थित रिपटा घाट पर साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 के अंतर्गत ग्यारहवें चरण का स्वच्छता कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। हर रविवार की परंपरा के अनुसार इस सप्ताह भी श्रमदान दल के सदस्य प्रातःकाल रिपटा घाट पहुँचे और जीवनदायिनी वेत्रवती के तटों के आसपास फैले कचरे की व्यापक सफाई की। विविध प्रकार के अपशिष्ट एकत्रित स्वच्छता अभियान के दौरान घाट क्षेत्र से घरेलू उपयोग की फेंकी गई सामग्री, पूजन—हवन के पश्चात शेष बची सामग्री, पूजा में प्रयुक्त वस्त्र, दाह संस्कार के बाद शेष बचे अवशेष, मुंडन संस्कार के पश्चात इधर-उधर कटाए गए बाल तथा लापरवाही वश फेंकी गई सेविंग ब्लेड एवं अन्य नुकीले अपशिष्ट को एकत्रित कर निर्धारित स्थान पर सुरक्षित रूप से संग्रहित किया गया।

ग्यारहवें चरण में दल के सदस्यों ने छह से सात बोरी कचरा एकत्र किया। श्रमदान दल के सदस्य एवं पेशे से शिक्षक पीयूष श्रीवास्तव ने बताया कि इन दिनों मौसम ठंडा होने के कारण नदी एवं घाटों पर लोगों की आवाजाही अपेक्षाकृत कम है। इसके चलते सामान्य दिनों की तुलना में नदी के घाटों पर फेंके जाने वाले कचरे की मात्रा में भी कमी आई है। उन्होंने कहा “इसी कारण श्रमदान दल पिछले तीन सप्ताह से विशेष रूप से माइक्रो-प्लास्टिक के संग्रहण पर जोर दे रहा है, क्योंकि यही सूक्ष्म कचरा लंबे समय तक नदी के लिए और भी अधिक घातक सिद्ध होता है।”श्रमदान के दौरान दल के सदस्यों को हर सप्ताह बड़ी मात्रा में सेविंग ब्लेड मिल रही है जिसे दल ने घोर लापरवाही का परिणाम बताया। यह न केवल पर्यावरण के लिए, बल्कि घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं, श्रमदानियों जीव जंतुओं की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है। दल के वरिष्ठ सदस्य दीपेश शर्मा कहते हैं कि श्रमदान समूह निरंतर घाटों पर दशाकर्म पूजन हेतु पहुँचने वाले शोकाकुल परिजनों एवं सेन समाज के शिल्पकारों से सहयोग की अपील करता आ रहा है। इसके लिए घाट पर नपा के सहयोग से चबूतरे भी बनाए गए हैं इसके बावजूद कुछ हठी और संकुचित मानसिकता के लोग श्रमदान दल के प्रयासों और नदी जल स्वच्छता अभियान की उपेक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा “लोगों को यह समझना होगा कि नदियों की स्वच्छता में ही स्वस्थ समाज का आधार निहित है। यदि आज हमने नदियों की स्वच्छता की अनदेखी की, तो आने वाली पीढ़ियाँ हमें कभी क्षमा नहीं करेंगी।”श्रमदान दल का मानना है कि नदी स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि निरंतर व्यवहार परिवर्तन और सामाजिक जिम्मेदारी का विषय है। आज देश भर में प्रदूषण की बात हो रही है हर कोई किसी न किसी रूप में उक्त प्रदूषणों से प्रभावित एवं संक्रमित भी हो रहा है।

# वाचनालय पाठक संघ ने शहीदों को याद किया



गंजबासौदा। वाचनालय पाठक संघ ने शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वाधान में स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारियों को याद किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि रामप्रसाद बिस्मिल क्रांतिकारी थे, जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। राम प्रसाद बिस्मिल का जन्म 11 जून 1897 को उत्तर प्रदेश के शाहजहां पुर जिले में हुआ था। पंडित राम प्रसाद बिस्मिल जैसे अमर दानी विरले ही जन्म लेते हैं, उनके साहस और पराक्रम से अंग्रेज भी भय खाते थे। वहीं ठाकुर रोशन सिंह भारत के स्वतंत्रता संग्राम के एक क्रांति वीर थे एवं अशफाक उल्ला खान भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के स्वतंत्रता सेनानी थे। यह वीर शहीदों में एक नाम है। विजय अरोड़ा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि तीनों क्रांतिकारियों की शहादत को हम कभी भूल नहीं सकते। 9 अगस्त 1925 को काकोरी के पास सरकारी खजाना लूट लिया। अंग्रेज सरकार ने इन पर मुकदमा चलाया और 19 दिसंबर 1927 को रामप्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह और अशफाक उल्ला खान को काकोरी ट्रेन साजिश में शामिल होने के लिए फांसी दे दी गई। अंत में शहर वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर प्रहलाद सिंह भावसार, फूलचंद कुशवाहा, दीपक अग्रवाल, राघव पिंगले सहित अनेक पाठक गण उपस्थित थे।

## पुलिस थाना परिसर में तनाव मुक्ति एवं ध्यान केंद्र शिविर का आयोजन

# ध्यान प्राचीन है विश्व में, लोग बेहतर स्वास्थ्य के लिए अनेक रूपों में प्रयोग कर रहेः डाबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

मध्यप्रदेश पुलिस एवं हार्टफुलनेस संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को पुलिस थाना परिसर में प्रातः 10 बजें तनाव मुक्ति एवं ध्यान केंद्र शिविर का आयोजन किया गया। विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर थाना परिसर में आयोजित ध्यान शिविर में एसडीएम हरि शंकर विश्वकर्मा,पुलिस एसडीओपी सुश्री सोनू डाबर,थाना प्रभारी विमलेश कुमार राय,नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू सहित समस्त पुलिसकर्मी मौजूद रहें।

वही पुलिसकर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन एवं सकारात्मक कार्य संस्कृति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से तनाव मुक्ति एवं ध्यान केंद्र हर दिल ध्यान, हर दिन ध्यान अभियान के अंतर्गत सफलतापूर्वक शिविर का समापन हुआ। इस अवसर पर पुलिस एसडीओपी सुश्री सोनू डाबर ने अपने संबोधन में कहा कि ध्यान को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर पुलिसकर्मी स्वयं को मानसिक रूप से सशक्त बनाते हुए संवेदनशील, अनुशासित एवं जनहितकारी पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बना सकते हैं। वही उन्होने कहा कि ध्यान एक ऐसी प्राचीन परम्परा है जो विश्व भर में, लोग बेहतर स्वास्थ्य के लिए अलग-अलग रूपों में प्रयोग करते रहे हैं। सम्पूर्ण भारत में विशेष रूप से मानसिक स्वास्थ्य में ध्यान की अहम भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए ध्यान दिवस का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा ने कहा कि विश्व ध्यान दिवस व्यक्तिगत और सामुदायिक स्वास्थ्य, मानसिक कल्याण और शांति को ध्यान के माध्यम से बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। यह दिन ध्यान के उस गहरे प्रभाव पर प्रकाश डालता है जो तनाव को कम करने, एकाग्रता बढ़ाने और हमारे दैनिक जीवन में शांति की भावना को बढ़ावा देने में सहायक हो सकता है। इसमें भाग लेकर, व्यक्ति व्यक्तिगत और सामूहिक चेतना के विकास के लिए प्रतिबद्ध वैश्विक समुदाय की सामूहिक ऊर्जा का अनुभव कर सकते हैं। इस अंतर्राष्ट्रीय आयोजन का उद्देश्य ध्यान के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है।



## किरण फाउंडेशन के सहयोग से देहदान

# नेत्र-देहदान से दूसरों को जिंदगी व रोशनी देना महान कार्यः डॉ राकेश







हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

मानवता की सेवा में एक ओर पुण्य कार्य देखने को मिला। नगर के वरिष्ठ समाजसेवी एंव किरण फाउंडेशन के सचिव वरिष्ठ चिकित्सक डॉ राकेश भार्गव द्वारा लटेरी निवासी पूरन चंद जैन के स्वर्गवास पर परिजनों द्वारा उनका किरण फाउंडेशन की मदद से नेत्रदान एंव देहदान किया गया। पूरन चंद जैन के स्वर्गवास पर परिवार के सदस्यों ने समाज के लिए अनुकरणीय पहल करते हुए किरण फाउंडेशन के सहयोग एवं डॉ राकेश भार्गव,राजेश जैन द्वारा सहयोग प्रदान करते हुए भोपाल के एम्स अस्पताल में नेत्र दान एवं देहदान सम्पन्न किया गया। वही देहदान पर राजकीय सम्मान प्रदान करते हुए गार्ड ऑफ हॉनर भोपाल पुलिस द्वारा प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी पूरन चंद जैन के परिवार द्वारा नेत्र दान किया गया है। इस मौके पर देहदान पर किरण फाउंडेशन के सदस्यो द्वारा पूरन चंद जैन को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर हरिभूमि से चर्चा में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ राकेश भार्गव ने बताया कि नेत्रदान और देहदान जीवन बचाने और दूसरों के जीवन में रोशनी लाने का एक महान कार्य है, जहाँ नेत्रदान से दृष्टिबाधित लोगों को रोशनी मिलती है और एक दान से कई लोगों को फायदा हो सकता है। साथ ही देहदान से चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा मिलता है, जिससे डॉक्टरों को प्रशिक्षित करने और बीमारियों के इलाज खोजने में मदद मिलती है, दोनों ही मृत्यु के बाद भी समाज में योगदान करने का मौका देते हैं और जागरूकता बढ़ाने से कॉर्निया की कमी और अंगों की जरूरत को पूरा करने में मदद मिलती है, जिससे कई लोगों को नया जीवन मिलता है।

### नेत्रदान,देहदान का बताया महत्व

इस मौके पर डॉ राकेश भार्गव द्वारा नेत्रदान,देहदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कॉर्नियल अंधापन आंख की सामने की पारदर्शी परत से पीड़ित लोगों को रोशनी वापस दिलाता है, जिससे वे स्वतंत्र जीवन जी पाते हैं। वही यह प्राप्तकर्ताओं को शिक्षा, काम और समाज में योगदान करने में सक्षम बनाता है। अनुपयुक्त आँखों का उपयोग चिकित्सा अनुसंधान और छात्रों को पढ़ाने के लिए किया जाता है, जिससे नई तकनीकों का विकास होता है। आज दुनिया भर में कॉर्निया की भारी कमी है, और नेत्रदान इस अंतर को पाटने में मदद करता है। यह एक सरल प्रक्रिया है जो अंतिम संस्कार में बाधा नहीं डालती और दाता के चेहरे पर कोई निशान नहीं छोड़ती। वही उन्होने देहदान के बारे में बताते हुए कहा कि यह मेडिकल छात्रों को मानव शरीर का अध्ययन करने, सर्जरी का अभ्यास करने और बीमारियों को बेहतर ढंग से समझने में मदद करता है। साथ ही यह नई दवाओं, उपचारों और सर्जिकल तकनीकों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वही मृत्यु के बाद भी दूसरों की मदद करने का एक तरीका है, जिससे समाज में करुणा बढ़ती है।

# सुशासन सप्ताह के अंतर्गत नगर पालिका आपके द्वार शिविर कार्यक्रम का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

मप्र शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेश के पालन में नगर पालिका परिषद द्वारा 19 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह हेतु नगर के सभी वार्डों मे नगरपालिका आपके द्वार अंतर्गत बासौदा नाके पर शिविर का आयोजन किया। जिसमें संपत्ति कर जलकर एवं अन्य करों का बकाया राशि का जमा करवाया जाना एवं अन्य शिकायत में जैसे साफ सफाई,व्यवस्थाओं एवं पात्रता पर्ची एवं अन्य समस्याओं का निवारण हेतु शिविर लगाया गया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू,उपाध्यक्ष मनोज शर्मा,मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम प्रकाश साहू,मुख्य लिपिक,बद्री प्रसाद शर्मा,अरविंद नेमा एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।




## एसडीएम का स्कूल निरीक्षण कार्रवाई कराना सराहनीय, कई खामियां हुईं उजागर

हरिभूमि न्यूजःसिरोंज। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत पथरिया,कूजा एवं कजरी बरखेड़ा स्थित शासकीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा द्वारा शैक्षणिक व्यवस्थाओं की जांच की गई। जो अत्यंत सराहनीय कदम है। इस निरीक्षण के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की शिक्षा व्यवस्था की वास्तविक स्थिति उजागर हुई। एसडीएम के निरीक्षण में पाया गया कि शासकीय माध्यमिक शाला पथरिया में कक्षा 1 से 3 तक के बच्चे एक ही कक्षा में बैठकर पढ़ने को मजबूर हैं। इसी प्रकार कक्षा 6 से 8 तक के बच्चे भी मैदान में बैठकर पढ़ाई करते पाए गए। शासकीय प्राथमिक शाला कूजा में कक्षा 1 से 5 तक के सभी बच्चे एक ही कक्ष में अध्ययनरत मिले। वहीं शासकीय माध्यमिक शाला कजरी बरखेड़ा में कक्षा 1 से 8 तक के सभी छात्र एक ही कक्षा में बैठे पाए गए, जो शिक्षा के अधिकार अधिनियम का स्पष्ट उल्लंघन है। शिक्षा व्यवस्था सुधारने हेतु त्वरित कार्रवाई की मांग,मध्याह्न भोजन व शौचालय व्यवस्था भी असंतोषजनक पाई गई। पूर्व विधायक प्रत्याशी कांग्रेस पार्टी एडवोकेट सुभाष बोहत एडवोकेट एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य एडवोकेट सुभाषिनी बोहत ने एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा द्वारा की गई इस जांच की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्रवाई केवल निरीक्षण तक सीमित न रहे, बल्कि पाई गई अनियमितताओं को सुधारने हेतु ठोस और त्वरित कदम उठाए जाएं। निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि मध्याह्न भोजन मेनू के अनुसार नहीं दिया जा रहा है तथा शौचालयों की स्थिति अत्यंत खराब पाई गई, जो बच्चों के स्वास्थ्य और गरिमा दोनों के लिए चिंता का विषय है। वही उन्होने मांग करते हुए कहा कि संबंधित स्कूलों में पर्याप्त कक्ष निर्माण, शिक्षकों की नियुक्ति, स्वच्छ शौचालय, गुणवत्तापूर्ण मध्याह्न भोजन एवं शिक्षा के अधिकार अधिनियम के पूर्ण पालन को सुनिश्चित किया जाए। श्री बोहत ने कहा कि यदि शीघ्र सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो कांग्रेस पार्टी जनहित में आंदोलन के लिए बाध्य होगी। ग्रामीण बच्चों को बेहतर शिक्षा एवं सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराना शासन-प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है।

## सेवा भारती के राष्ट्रीय सचिव का हुआ प्रवास देखा निर्माणाधीन भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

राष्ट्रीय सचिव सेवा भारती,प्रदेश सचिव रेडक्रास सोसाइटी मध्यप्रदेश श्री रामेंद्र जी का बरेली में प्रवास हुआ सेवा भारती समिति के निर्माणधीन प्रकल्प भवन निर्माण का निरीक्षण किया, सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने रामेंद्र जी का साल श्री फल भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर अवधनारायण सक्सेना, राजकुमार ठाकुर, किशोर सिंह ठाकुर, दिलीप राठौड़, राधेश्याम पालीवाल, हीरेन्द्र मालवीय, विनोद साहू, अशोक पटेरिया अन्यों की उपस्थित रहे।

# शिव अखाड़ा व्यायाम शाला की निकली पैदल यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

नगर के प्रेम नगर कॉलोनी स्थित शिव हनुमान मंदिर के धार्मिक श्रद्धालुओं का पैदल जत्था हिंगलाज दरबार बाड़ी के लिए ध्वज पताका एवं जयकारों के साथ रवाना हुआ। पैदल यात्रा में कुछ समय के लिए क्षेत्र के भाजपा सांसद दर्शन सिंह चौधरी भी सम्मिलित हुए।

हर वर्ष धार्मिक श्रद्धालुओं द्वारा उत्साह के साथ हिंगलाज दरबार के लिए पैदल यात्रा निकाली जाती है। इस वर्ष पैदल यात्रा में हरिचरण बारिवा, अवनीश पालीवाल, संजय शर्मा, गोपाल स्वरूप ठाकुर, लक्ष्मी भार्गव, पूरन धाकड़ पार्षद, गोविंद सोनी, रणधीर चौधरी, प्रतिपाल साहू, इंदर सिंह धाकड़, शारदा सराठे, हिमकर उपाध्यक्ष, दिनेश पटेल, रमेश सराठे, रोहित ठाकुर, राजू सराठे, सुरेंद्र पटवा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# सर्दी से बचाव करने के लिए स्वेटर का किया वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

नगर संचालित मानिक लाल नाहर हा.से. स्कूल में सरल ''महिला विकास समिति द्वारा शनिवार को गरीब एंव जरूरतमंद बच्चों छात्र /छात्राओं को स्वेटर वितरण किया। इस मौके पर समिति के संरक्षक अजय नाहर एंव समिति एंव संस्था की अध्यक्षा श्रीमति अर्चना नाहर व संस्था प्राचार्य अरूणेष कुमार मिश्रा उपस्थित रहे।

समिति द्वारा नगर के अनेक छात्र छात्राओं को सर्दी से बचाव हेतु स्वेटर वितरित किये गए। स्वेटर वितरंण कार्यक्रम के पश्चात संस्था में पालक-शिक्षक मीटिंग का आयोजन किया गया। पूर्व में संपन्न अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम 2025-26 पालको एंव छात्र छात्राओं को वितरित किया गया।

विद्यालय द्वारा स्वच्छता, सुंदरता, वृक्षारोपण एवं छात्र छात्राओं एंव पालको का आपस में संवाद के साथ साथ विभिन्न विषयों पर छात्र छात्राओं के माता पिता, भाई बहनों को बच्चों के सर्वांगीण विकास पर मार्गदर्शन दिया गया।

# पेंशनर दिवस पर प्रतिभावान पेंशनरों लेखक डॉ शर्मा व तिवारी का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

पेंशनर एसोसिएशन, तहसील शाखा बरेली द्वारा पेंशनर दिवस के अवसर पर रामलीला मैदान में गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरगोविंद साहू ने की। इस अवसर पर साहित्य और खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले दो प्रतिभावान पेंशनरों सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं पुस्तक लेखक डॉ. हरनारायण शर्मा तथा अंतरराष्ट्रीय रेटिंग प्राप्त शतरंज खिलाड़ी ओमप्रकाश तिवारी को शाल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

डॉ. हरनारायण शर्मा की दूसरी पुस्तक अपना देश बदल रहा है के प्रकाशन पर उन्हें सम्मान प्रदान किया गया। इससे पूर्व उनकी पुस्तक अभी तो रात्रि का तीसरा प्रहर है प्रकाशित हो चुकी है। डॉ. शर्मा ने ससम्मान अपनी स्वलिखित पुस्तक की प्रति पेंशनर को भेंट कर सभी का आभार व्यक्त किया।



ओमप्रकाश तिवारी को शतरंज में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनेक बार सिविल सेवा शतरंज प्रतियोगिताओं में चयन तथा दो बार मध्यप्रदेश टीम का कप्तान रहते हुए नेतृत्व करने के लिए सम्मानित किया गया। वे अंतराष्ट्रीय रेटिंग प्राप्त खिलाड़ी हैं और सेवानिवृत्ति के उपरांत भी शतरंज के क्षेत्र में प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। अपने सेवाकाल में उन्होंने म.प्र. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के सचिव एवं बाद में राज्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए कर्मचारियों के हित में उल्लेखनीय योगदान दिया।

शाखा अध्यक्ष केएल वर्मा ने कहा कि दोनों सम्मानित प्रतिभाओं ने अपने-अपने क्षेत्र में उपलब्धियां अर्जित कर पेंशनर समाज का मान बढ़ाया है। कार्यक्रम में डॉ. गोपाल सिंह रघु, एसएस चौधरी, राधेश्याम सोनी, उमराव सिंह अहिरवार, बाबूलाल लोधी, नंदकिशोर नेमा, रामकुमार शर्मा सहित अनेक पेंशनर उपस्थित रहे। कोषाध्यक्ष मोहनलाल राय ने वर्ष 2025 का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। पेंशनर दिवस पर नवीन पेंशनर मन्नूलाल पाराशर ने सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम का संचालन भाव सिंह माढरे ने किया तथा विष्णु प्रसाद शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

## सिविल अस्पताल बरेली में एनएसवीटी तकनीक से सफल पुरुष नसबंदी

# बरेली में हुआ जिले का पहला पुरुष नसबंदी ऑपरेशन, बना जागरूकता की मिसाल

नसबंदी सिर्फ महिला की ही जिम्मेदारी क्यों?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

परिवार नियोजन की जिम्मेदारी आज भी समाज में अधिकतर महिलाओं पर ही बनी रहती है। गर्भनिरोधक गोलियां हों, कॉपर-टी, बार-बार सीजर ऑपरेशन या स्थायी नसबंदी अधिकांश मामलों में महिला को ही शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्परिणाम झेलने पड़ते हैं। ऐसे समय में सिविल अस्पताल में जिले सत्र का पहला पुरुष नसबंदी ऑपरेशन होना न सिर्फ एक चिकित्सकीय उपलब्धि है, बल्कि समाज के लिए एक मजबूत संदेश और जागरूकता की मिसाल भी है।

सिविल अस्पताल में समनापुर काछी निवासी 32 वर्षीय युवक की पुरुष नसबंदी सर्जन डॉ. दीपक गुप्ता एवं डॉ प्रशांत सेन ,एवं सहयोगी टीम द्वारा एनएसवीटी (नो स्कैल्पल वैसेक्टॉमी तकनीक) से की गई। इस आधुनिक तकनीक में न तो बड़ा चीरा लगाया जाता है और न ही लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती रहने की जरूरत होती है। केवल एक छोटे से छेद से विशेष क्लेम्प की मदद से नसबंदी की जाती है, जिससे हितग्राही अगले ही दिन सामान्य कार्य करने में सक्षम हो जाता है। यह तकनीक पूर्णतः सुरक्षित, सरल और प्रभावी मानी जाती है। शासन द्वारा पुरुष हितग्राही को 3000 रुपये की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाती है।



बीएमओ डॉ. हेमंत यादव ने बताया कि यह केवल जानकारी की कमी नहीं, बल्कि वर्षों से चली आ रही सामाजिक सोच और भ्रांतियों का परिणाम है। पुरुष नसबंदी को लेकर आज भी गलत धारणाएं फैली हुई हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि इससे न तो पुरुषत्व पर कोई असर पड़ता है और न ही कार्यक्षमता पर।

सिविल अस्पताल बरेली में हुआ यह पहला पुरुष नसबंदी ऑपरेशन समाज के लिए एक उदाहरण है कि परिवार नियोजन केवल महिला की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पुरुष और महिला दोनों की साझा जिम्मेदारी है। यदि अधिक से अधिक पुरुष आगे आकर इस दिशा में कदम बढ़ाएं, तो न सिर्फ महिलाओं का स्वास्थ्य सुरक्षित रहेगा, बल्कि परिवार और समाज दोनों सशक्त होंगे। ऐसे प्रयासों को केवल एक सामाजिक आंदोलन के रूप में देखा जाए, ताकि पुरुष भी जिम्मेदारी समझें, जागरूक बनें और परिवार नियोजन में सक्रिय भूमिका निभाएं।

# इंडेन गैस एजेंसी पर हुआ उज्ज्वला योजना गैस वितरण कार्यक्रम

## 30 लाभार्थियों को मुफ्त कनेक्शन का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

काली मंदिर के सामने स्थित इंण्डेन गैस वितरण केंद्र पर प्रधानमंत्री उज्वला योजना चरण तीन के अंतर्गत हितग्राहियों को निशुल्क गैस कनेक्शन वितरण कार्यक्रम हुआ 30 पात्र हितग्राहीयों को गैस कनेक्शन वितरण के साथ एलपीजी गैस चूल्हा के सुरक्षित उपयोग एवं आपातकालीन सेवाओं की जानकारी दी गई।

निशुल्क गैस वितरण कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश क्षेत्र के महाप्रबंधक शिखरन डावुआ, उपमहा प्रबंधक विक्रय दिग्विजय सिहें, एएसओ शिवानी बाचाले, जितेंद्र जैन, अंकित जैन सहित अन्य की उपस्थिति रही सभी अतिथियों का इंडियन गैस एजेंसी संचालक योगेंद्र पटेल द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान संचालक योगेंद्र पटेल ने बताया कि अब तक बरेली क्षेत्र में 13500 से अधिक उज्वला गैस कनेक्शन वितरण किये जा चुके हैं अभियान जारी बना हुआ है।




महाप्रबंधक शिखरन डाबुआ ने एलपीजी के सुरक्षित उपयोग की विस्तार से जानकारी दी गैस रिसाव या किसी भी समस्या की स्थिति में हेल्पलाइन नंबर 1906 पर 24 घंटे संपर्क करने का आग्रह किया बताया कि रायसेन जिले में 89 प्रतिशत घरों तक एलपीजी पहुंच चुकी है।मध्य प्रदेश में 93 प्रतिशत से अधिक परिवार गैस कनेक्शन का उपयोग कर रहे हैं। एलपीजी ग्राहकों को सार्वजनिक दायित्व नीति के तहत मजबूत सुरक्षा दी जाती है।

## वही उमंग और उत्साह के साथ आज भी बखूबी निभाई जा रही ऐतिहासिक श्रीरामलीला की परंपरा

# शहर की 117 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक श्रीरामलीला में पीढ़ी दर पीढ़ी अभिनय का निर्वाहन करते आ रहे हैं 'कलाकार'

**पूर्वजों द्वारा प्रारंभ की गई शहर की इस परंपरा को आज भी सहजता से निभा रही हैं आज की युवा पीढ़ी**

**एक माह पूर्व से कई मर्यादाओं का पालन कर करते है अभिनय की तैयारी**

**मप्र में विदिशा के बाद रायसेन में श्रीरामलीला का स्थानीय कलाकार करते हैं जमीनी मंचन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर की ऐतिहासिक 117 वर्ष पुरानी परंपरा का पीढ़ी दर पीढ़ी निर्वाहन करते आ रहे कलाकार 118वें वर्ष भी श्रीरामलीला मेले को अभिनय कर आकर्षक बनाएंगे। मध्य प्रदेश में विदिशा के बाद एकमात्र जिला है, जहां श्रीरामलीला का स्थानीय कलाकारों द्वारा जमीनी स्तर संचालित की जाती है।

पूर्वजों द्वारा प्रारंभ की गई शहर की इस परंपरा को आज भी उनकी पीढ़िया सहज ही निभा रहीं हैं। कोई कहीं भी रहे फिर भी वह अपना अभिनय करने दौड़े चले जाते है। यही खासियत है कि श्रीरामलीला का आज भी उसी भव्यता के साथ संचालन किया जा रहा है।

श्रीरामलीला में पात्र बनने के लिए कई नियमों एवं पालन करना पड़ता है। एक माह पूर्व से अपने अभिनय की तैयारी करते है तब जाकर श्रीरामलीला में अपने अभिनय लोगों का मन मोह लेते हैं। इस वर्ष भी कई पीढ़ियों की परंपरा को आज के युवा अभिनय कर निभाने को तैयार है।

### 'सीए' की तैयारी के साथ निभा रहे श्रीराम का किरदार

इस वर्ष भगवान श्रीराम का अभिनय रुद्रांश शर्मा के द्वारा निभाया जाएगा। 19 वर्षीय रुद्रांश



इंदौर में रहकर सीए की तैयारी कर रहे हैं, श्रीरामलीला में श्रीराम का अभिनय करने के लिए छुट्टी लेकर आय है। वह विगत 5 वर्षों से श्रीराम का अभिनय करते आ रहे है। इसके पूर्व इनके पिता संजीव शर्मा भी कई पात्रों का अभिनय कर चुके है। वर्तमान में संचालन समिति में सदस्य है।

### पांचवी पीढ़ी के कृष्णा निभाएंगे लक्ष्मण का रोल

सचिन शुक्ला के पुत्र कृष्णा शुक्ला के द्वारा लक्ष्मण के पाठ अदा किया जाएगा। कृष्णा



शुक्ला विगत 3 वर्षों से लक्ष्मण का रोल निभाते आ रहे है। कृष्णा बीएससी के साथ साथ एसएससी की तैयारी भोपाल से कर रहे हैं। इससे पूर्व वह शत्रुघ्न, भरत एवं बानर सेना का रोल अदा कर चुके है। उनके उनके परिवार की यह पांचवी पीढ़ी है, जो श्रीरामलीला में अभिनय करते आ रहें हैं।

### उज्जवल दुबे करेंगे भरत का अभिनय

इस वर्ष उज्जवल दुबे भरत का रोल निभाएंगे, 15 वर्षीय उज्जवल विगत 3



वर्षों से भरत एवं शत्रुघ्न का पाठ करते आ रहे हैं। कक्षा 9वीं में अध्ययन के साथ साथ उनके अभिनय में भी रुचि है तथा वह अपना रोल सिद्धत के साथ अदा करते हैं। इनका परिवार 3 पीढ़ियों से श्रीरामलीला मेले से जुड़ा है।

### पहली बार शत्रुघ्न के रूप में दिखेंगे जयदीप

जयदीप दुबे खंडेरा के निवासी है, इस वर्ष प्रथम बार वह शत्रुघ्न का



अभिनय करेंगे। कक्षा 8 वीं छात्र जयदीप अपनी पढ़ाई के साथ करीब 20 दिवसीय श्रीरामलीला मेले में शत्रुघ्न बनकर अभिनय करेंगे। इनके पिता दीपक दुबे टीव्हीएस शॉरुम का संचालन करते है।

### फिर श्री हनुमान जी बनेंगे अनिल शर्मा

श्रीरामलीला मेले में बीते 10 वर्षों से संकट मोचन श्री हनुमान का किरदार



निभाते आ रहे अनिल शर्मा इस वर्ष भी श्री हनुमान की भूमिका में नजर आएंगे। अनिल पूर्व में सुग्रीव, अंगद एवं अन्य महत्वपूर्ण किरदारों का रोल बखूबी निभा चुके हैं। इनका परिवार 3 पीढ़ियों से जुड़ा है।

### श्रीराम ने तोड़ा शिव धनुष, आज धूमधाम से निकलेगी बारात

**रायसेन।** रविवार को श्रीरामलीला मेले में सीता स्वयंवर की लीला का मंचन किया। रामलीला के सातवें दिन भगवान राम ने शिव धनुष तोड़ा। धनुष टूटने पर भगवान परशुराम क्रोधित हो गए, जिसके बाद परशुराम और लक्ष्मण के बीच तीखा संवाद हुआ। वहीं आज सोमवार को भगवान श्रीराम की धूमधाम के साथ डीजे एवं ढोल नगाड़ों के साथ भव्य बारात निकाली जाएगी। श्रीराम बारात में शहरवासियों के साथ किन्नर भी शामिल होंगे।

### तीन वर्ष बाद फिर पं नितिन शास्त्री निभाएंगे दशानन की भूमिका



श्रीरामलीला मेले में इस बार शहर के सुप्रसिद्ध शास्त्री पं. नितिन शास्त्री रावण की भूमिका में दिखाई देंगे। पं शास्त्री पूर्व में भी कई वर्षों से रामलीला से जुड़े हुए हैं तथा कई बार दशानन, मेघनाथ, सुग्रीव आदि की अभिनय कर चुके है। वह कर्मकांड के अलावा श्रीरामलीला में भी विशेष रुचि रखते है। पं शास्त्री 3 वर्ष के अंतराल के बाद इस बार फिर से लंकापति रावण बनकर शहर की श्रीरामलीला को आकर्षक बनाएंगे।

## हिनोतिया महलपुर गांव में जल जीवन मिशन की टोंटियों से निकल रहा गंदा पानी

# ठेकेदार ने सरपंच को सौंपी अधूरी नलजल योजना, ग्रामीण गंदा पानी पीने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

केंद्र की मोदी सरकार की की मंशा है कि गांव के हर घर में नल हो और लोगों को शुद्ध जल मिले। लेकिन पीएचई विभाग के अधिकारी, इंजीनियर, सरपंच और जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत से ऐसा संभव नहीं हो पा रहा है। आलम यह है कि कई गांव मे ग्रामीण जल मिशन योजना की नलजल योजनाएं बंद पड़ी हुई है। जबकि यह जल मिशन योजना की नल जल योजनाएं पंचायत को सौंप दी है। लेकिन फिर भी ग्रामीण प्यास बुझाने पानी के लिए भटक रहे हैं।

ऐसा ही एक मामला जनपद पंचायत गैरतगंज के ग्राम हिनोतिया महलपुर में सामने आया है। जब मीडिया कर्मी गांव पहुंचे तो ग्रामीण ठेकेदार, सरपंच और पीएचई विभाग के जिम्मेदार इंजीनियर सतीश बारपाटे की कई शिकायतें करते नजर आए।

### जल जीवन मिशन की टोंटियों से निकल रहा मटमेला पानी

गैरतगंज जनपद की ग्राम पंचायत हिनोतिया महलपुर में लाखों का बजट खर्च कर जिम्मेदार विभाग द्वारा ग्रामीण जल मिशन की नलजल योजना बनाई थी। डेढ़ साल गुजर जाने के बाद भी ग्रामीणजनों को साफ पानी नसीब नहीं हो पा रहा है। जबकि केंद्र सरकार की 'हर घर जल' योजना की विफलता सामने आई है। 'जल जीवन मिशन' के तहत घरों में लगाई गई टोंटियों से साफ पानी की जगह कीचड़ और गंदा पानी सप्लाई किया जा रहा है। जिससे ग्रामीण स्वच्छ पेयजल के लिए तरस रहे हैं।

सरपंच प्रेम सिंह ठाकुर का कहना है कि कहीं-कहीं पाइप लाइन नालियों से गुजरी है। इसीलिए घर के नलों में गंदा पानी आता है, इसे जल्द ठीक करवा लिया जाएगा।



**गांव के हैंडपंप भी खराब पड़े.... गंदा पानी पी रहे ग्रामीण**

◆ हिनोतिया महलपुर गांव के श्याम मोहन चतुर्वेदी सहित अन्य निवासियों ने बताया कि 'जल जीवन मिशन' के तहत उनके घरों तक पानी पहुंचाने का वादा किया था। पीएचई एवं ग्राम पंचायत की लापरवाही के चलते ग्रामीण गंदा पानी पीने के लिए मजबूर है। इस वजह से गांव में बीमारी फैलने का डर बना रहता है। पानी पीने से कई लोगों को पेट से संबंधित बीमारियां भी हो चुकी हैं। इसके बारे में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से लेकर कर्मचारी तक अवगत करा दिया है। लेकिन कोई हल नहीं निकला। नलों में मटमैला गंदा पानी आता है। लोगों को मजबूरी में पानी का इस्तेमाल करना पड़ रहा है।

### ग्रामीणों की मांग सुबह 7 बजे हो नलों में पानी सप्लाई

ग्राम हिनोतिया महलपुर के ग्रामीणों ने ठंड का मौसम देखते हुए सुबह 7 बजे नलों में पानी सप्लाई करने की मांग की है। स्वच्छ पेयजल की इस कमी से ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर कई ग्रामवासियों ने टंकी के ऑपरेटर से शिकायत की। ग्रामीणों ने ऑपरेटर को साफ पानी न मिलने की जानकारी दी। ऑपरेटर ने अपनी असहजता जताते हुए कहा कि टंकी में नीचे से ही ऐसा पानी निकलता है, इसमें हम कुछ नहीं कर सकते। ऑपरेटर गोपाल सिंह के इस जवाब से ग्रामवासियों की निराशा और बढ़ गई है।

**इनका कहना है**

हमने जल जीवन मिशन की नलजल योजना को करीबन डेढ़ साल पूर्व ग्राम पंचायत हिनोतिया महलपुर को सौंप दी थी। जो कमियां आ रही हैं जल्द मैकेनिकों की टीम को भेजकर ठीक करवा दिया जाएगा।

- **गिरीश कांबले,** ईई पीएचई रायसेन।

**ये बोले ग्रामीण**

बताते हैं कि नलजल योजना सिर्फ आधी अधूरी कागजों पर चल रही है। ग्रामीणों के घर बजाय स्वच्छ पानी के गंदा जल पहुंच रहा है।

– **मलखान सिंह यादव,** पंच, ग्राम हिनोतिया।

पंचायत के कॉलोनी मोहल्ले में भी नलों में गंदा और मटमैला पानी सप्लाई किया जा रहा है। जिससे संक्रामक बीमारियां फैलती रहती हैं। शिकायत के बाद जिम्मेदार विभाग भी इस तरफ गंभीरता से ध्यान नहीं दे रहा।

– **मल्लू सिंह,** ग्रामीण कॉलोनी निवासी

ठेकेदार द्वारा पंचायत को अधूरी योजना हैंड ओवर कर दी है। ठेकेदार ने मनमानी पूर्वक काम करते हुए उनके घरों के सामने नाली की गंदगी के बीच चेंबर बना दिए हैं, जो कि सरासर गलत है।

– **रामकुमार चौबे,** ग्रामीण, ग्राम हिनोतिया महलपुर।

# सरस्वती शिशु मंदिर में प्रबंध समितियों का हुआ सम्मेलन



### शैक्षणिक गुणवत्ता, संस्कारयुक्त शिक्षा एवं संगठनात्मक मजबूती पर हुआ गहन विचार-विमर्श

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

विद्या भारती मध्यभारत प्रांत की वार्षिक योजना के अंतर्गत जिले में संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालयों की प्रबंध समितियों का जिला सम्मेलन स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों के प्रभावी संचालन, शैक्षणिक उन्नयन, नैतिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण तथा प्रबंध समितियों की भूमिका को और अधिक सुदृढ़ बनाना रहा।

सम्मेलन में जिले की प्रमुख शिक्षण संस्थाओं को संचालित करने वाली समितियों वीर शिवाजी शिक्षण समिति सिलवानी, विवेकानंद शिक्षा परिषद बेगमगंज, माँ नर्मदा शिक्षण समिति बरेली, स्वामी रामकृष्ण परमहंस शिक्षा समिति रायसेन, स्वर्गीय प्रीति शिक्षा समिति सियरमउ एवं सरस्वती वैदिक शिक्षा प्रचार समिति सुल्तानपुर के अध्यक्ष, सचिव एवं कार्यकारिणी सदस्य सहित 35 से अधिक प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। सभी प्रतिनिधियों ने अपने-अपने विद्यालयों की वर्तमान स्थिति, उपलब्धियों, चुनौतियों एवं भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की।

कार्यक्रम में विद्या भारती मध्यक्षेत्र के कोषाध्यक्ष संजय पटवा ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्या भारती द्वारा संचालित विद्यालय केवल शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि संस्कार, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक उत्तर दायित्व के केंद्र हैं। उन्होंने प्रबंध समितियों से आग्रह किया कि वे आर्थिक पारदर्शिता, संसाधनों के समुचित उपयोग तथा दीर्घकालीन विकास योजनाओं पर विशेष ध्यान दें।

# एक वर्ष का कठिन पद विहार करते हुए सिलवानी पहुंचे राजेश भैया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

जब मन में सच्ची श्रद्धा, अटूट आस्था और दृढ़ संकल्प हो, तब कोई भी कार्य असंभव नहीं रहता। इसी विचार को साकार करते हुए बरेली निवासी बाल ब्रह्मचारी राजेश भैया ने तारण तरण दिगंबर जैन समाज के प्रमुख तीर्थ क्षेत्रों की एक वर्ष की कठिन पद विहार यात्रा को पूर्ण कर समाज के सामने एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया है।

इस क्रम में रविवार को उनका सिलवानी नगर में भावपूर्ण आगमन हुआ, जहां समाजजनों ने पुष्पवर्षा, जयघोष और भक्ति भाव के साथ उनका भव्य स्वागत किया।

जानकारी के अनुसार रविवार प्रातः स्टेट हाईवे 15 पर स्थित ग्राम सियरमऊ मार्ग से बाल ब्रह्मचारी राजेश भैया का नगर प्रवेश हुआ। भीषण ठंड और शीतलहर के बीच, जब सामान्य जन जीवन प्रभावित रहा, उस समय भी उनका पद विहार अविराम जारी रहा। इस आध्यात्मिक यात्रा में



तारण तरण दिगंबर जैन समाज के अनेक उत्साही युवाओं ने सुल्तानगंज, सियरमऊ से सिलवानी तक लगभग 30 किलोमीटर की पदयात्रा कर उनके साथ कदम से कदम मिलाया और स्वयं को इस पुण्य अवसर का भागीदार बनाया।

पूरे मार्ग में जय जिनेंद्र के उद्घोष, भक्ति गीतों और अनुशासन पूर्ण पद विहार का दृश्य अत्यंत भावविभोर करने वाला रहा। नगर में प्रवेश के उपरांत सभी श्रद्धालु बाल ब्रह्मचारी राजेश भैया को सिलवानी स्थित जैन चैत्यालय लेकर पहुँचे, जहां रविवार रात्रि को उनके प्रवचन आयोजित किए गए।

# जपं गैरतगंज के देवनगर में चल रही धांधली

हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज

जिले की गैरतगंज जनपद पंचायत में गड़बड़ी का मामला सामने आया है, जिसमें बिना कार्य किए ग्राम पंचायत किरोंदा के सरपंच सचिव ने राशि तो निकाल ली, लेकिन 6 माह बीतने के बाद भी कोई कार्य नहीं किया। मिली जानकारी के अनुसार उक्त राशि से पंचायत भवन किरोंदा से शांतिधाम तक सीसी सड़क बनाई जाना थी।

ग्राम पंचायत किरोंदा में पंचायत भवन से शांतिधाम की ओर सड़क की उठी मांग पर सरपंच सचिव ने टीएस करवा के लगाए बिल और जो अप्रैल में स्वीकृत भी हो गए, लेकिन दिसम्बर खत्म होने को है सड़क नहीं बन पाई।

पंचायत सचिव ने 22 जुलाई को को एमएस ट्रेडर्स के नाम बिल लगाकर 20 लाख और 15 अगस्त को दूसरा बिल लगाकर 1 लाख 55 हजार के करीब राशि का आहरण कर लिया गया।

ग्राम पंचायत किरोंदा के ग्रामीणों ने सीसी सड़क की राशि हड़पने का आरोप पंचायत सरपंच एवं सचिव पर लगाया है। इसके साथ ही जनपद पंचायत गैरतगंज के अधिकारियों से जिम्मेदारों पर कार्यवाही कर शीघ्र सड़क के कार्य को पूर्ण कराने की मांग की है।

**इनका कहना है**

आपके द्वारा मामला संज्ञान में आया है शीघ्र ही मौके की जांच करवाकर दोषी सरपंच सचिव के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

- **रामनरेश ठाकरे,** सहायक यंत्री जनपद पंचायत गैरतगंज।

# पुलिस कर्मियों ने गैंती-फावड़ा से किया श्रमदान, लगाए गए पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

सलामतपुर पुलिस चौकी में रविवार को श्रमदान और स्वच्छता का अनुकरणीय उदाहरण देखने को मिला। थाना प्रभारी दिनेश रघुवंशी एवं चौकी प्रभारी सुनील शर्मा के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने गैंती-फावड़ा और तगड़ी उठाकर चौकी परिसर के बाहर श्रमदान किया।

इस दौरान पेड़-पौधे लगाने के लिए क्यारियां तैयार की गईं, उनमें मिट्टी डाली गई और पौधरोपण किया गया।

थाना प्रभारी दिनेश रघुवंशी ने बताया कि पुलिस चौकी में पदस्थ स्टाफ द्वारा प्रतिदिन कम से कम एक घंटे चौकी के आसपास साफ-सफाई एवं पेड़-पौधों को पानी देने का कार्य श्रमदान के रूप में किया



जाता है। उन्होंने कहा कि जब वह थाने से चौकी पहुंचे तो स्वयं भी पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर साफ-सफाई कर श्रमदान में सहभागिता की। इस अवसर पर हेड कांस्टेबल पुष्पेंद्र, हेड कांस्टेबल दिलीप यादव, आरक्षक संदीप रघुवंशी,सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिसकर्मियों के इस प्रयास से न केवल चौकी परिसर स्वच्छ हुआ, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

## कांग्रेसियों ने दिया धरना, बोले - ये महात्मा गांधी का अपमान है

# मनरेगा योजना का नाम बदलने पर कांग्रेस ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना का नाम बदलकर 'वीबी जी राम जी' करने पर कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने विरोध जताते हुए स्थानीय सागर भोपाल तिराहे के पास स्थित कामधेनु शॉपिंग प्रांगण में तंबू के नीचे बैठकर धरना दिया और इस दौरान मनरेगा के नाम बदलने पर सवाल खड़े करते हुए केंद्र की मोदी सरकार और एमपी की डॉ मोहन सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि ये राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अपमान है। भाजपा सिर्फ नाम बदलकर काम कर रही है, ये अपना खुद का नया कुछ नहीं कर पा रहे है।

पहले मनरेगा चलती थी, तो 90 बाय 10 प्रतिशत का रेशों था, जिसमे पहले केंद्र सरकार 90 प्रतिशत राशि देती थी और राज्य सरकार 10 प्रतिशत लेकिन उसे अब 60 बाय 40 कर दिया



है, यानि अब प्रदेश सरकार को 40 प्रतिशत राशि देनी होगी। प्रदेश की हालत तो वैसे ही खस्ता है और ऊपर से इसका भी भार पड़ने लगेगा।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं विधायक देवेंद्र पटेल ने सीधे आरोप लगाए कि ये योजना को खत्म करने का प्रयास है। धरने के अंत में कांग्रेसियों ने धरनास्थल पर एसडीएम रायसेन मनीष शर्मा को सौंपा ज्ञापन। ज्ञापन में कहा कि बापू का अपमान अब नहीं सहेगा हिंदुस्तान।

जिला संगठन प्रभारी शैलेंद्र पटेल बोले जब से तानाशाही तरीके से भाजपा की सरकारें बनीं तो गांधी जी के नाम की रोजगार गारंटी का नाम मिटाने का काम कर रही हैं। जबकि उनको उन्हें विकास कार्य कराना आता नहीं। प्याज के दाम किसानों को नहीं मिल पा रहा। स्वामी नाथन रिपोर्ट केंद्रीय कृषि मंत्री से लागू करने की बात कही। भाजपा सरकारों की दमनकारी नीतियों का जमकर विरोध करते हुए कहा कि रंगा बिल्ला ही देश में सरकारें चला रहे हैं।

### धरने में यह रहे शामिल

धरने में जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी शैलेंद्र पटेल, पूर्व विधायक देवेंद्र पटेल गड़रवास, मुमताज खान, डॉ जीसी गौतम, विजय धाकड़ एडवोकेट, मनोज अग्रवाल, हर्ष वर्धन सोलंकी, राजेंद्र सिंह तोमर, नारायण सिंह ठाकुर, एहतेश्याम बेग, हकीम उद्दीन मंसूरी, खेमचंद चौरसिया, जावेद अहमद खान, पवित्रा कौर, चंदा चौहान सहित अन्य मौजूद रहे।

### कांग्रेस पर किया पलटवार

वहीं भाजपा ने भी कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस का काम तो विरोध करना है। विधायक प्रतिनिधि जमना सेन ने कहा कि ये वही कांग्रेस पार्टी है, जिसने अयोध्या में राम मंदिर का विरोध किया था, राम जी को काल्पनिक बताया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विरोध करती है, जबकि भाजपा विकास करती है। कांग्रेस का काम तो सिर्फ विकास कार्यों में अड़ंगे लगाना है।